# मृत्यु अटल है, लेकिन अटल जी अमर हैं : साहू



पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाया

**सिलवानी, 25 दिसंबर. भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस मनाया गया. साथ ही स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जीवन काल के ऊपर प्रदर्शनी का आयोजन भी हुआ.**

भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू के नेतृत्व में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन एवं सेवा दिवस के रूप में मनाया गया. मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी भारतीय राजनीति के इतिहास के एकमात्र ऐसे नेता हुए है जो कि विपक्ष के नेताओं के भी प्रिय रहे हैं. विपक्षी नेताओं के साथ उनका मतभेद जरूर था लेकिन मनभेद कभी नहीं हुआ. सब के चहेते और विरोधियों का भी दिल जीत लेने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी अटल बिहारी वाजपेयी का सार्वजनिक जीवन सादगी भरा और बेदाग रहा.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभोर जैन ने कहा कि लोक कल्याणकारी प्रधानमंत्री 1999 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनी और इस सरकार ने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किया. इन पांच सालों में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने देश के गरीबों, किसानों और युवाओं के लिए अनेक योजनाएं लागू की. अटल सरकार ने भारत के चारों कोनों को सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना की शुरुआत की. यही नहीं, प्रधानमंत्री सड़क परियोजना के जरिए देशभर के गांवों को मुख्य संपर्क पथ से जोड़ने, स्कूल चलो अभियान जैसे कार्यक्रमों की शुरुआत की. अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे वो राजनीति में ईमानदारी जन कल्याण एवं आमजन की चिंता करने वाले राजनेता थे. इस अवसर पर संजय मस्ताना, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, मोनू माताम्बर, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अजमेर यादव, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजीव सोनी, राजेंद्र सोनी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## बम्होरी में मनाई अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती



**बम्होरी.** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जन्म जयंती बम्होरी में सुशासन एवं सेवा दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में अटल जी के जीवन, उनके विचारों, कवि-हृदय व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा में दिए गए अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बम्होरी मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह पटेल ने कहा– 'मृत्यु अटल है, लेकिन अटल जी अमर हैं. उनके विचार और आदर्श आज भी हमें सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने की निरंतर प्रेरणा देते हैं. अटल जी का जीवन राजनीति में शुचिता, संवेदनशीलता और समर्पण का आदर्श उदाहरण है.' इस अवसर पर उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अटल जी के बताए मार्ग पर चलने और समाज व राष्ट्रसेवा के लिए सतत कार्य करने का संकल्प लिया.



## विधायक डॉ. चौधरी ने अटलजी को दी श्रद्धांजलि

**सलामतपुर.** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गुरुवार को दीवानगंज पंचायत कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके योगदान को याद करते हुए नमन किया. वक्ताओं ने अटल जी के राष्ट्र निर्माण, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में दिए गए योगदान पर प्रकाश डाला. इस अवसर पर सभी ने उनके आदर्शों को आत्मसात कर देश सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया. कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. इस दौरान दीवानगंज पंचायत के सरपंच गिरजेश नायक, सलामतपुर मंडल अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, हरीश मालवीया सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे.



## क्रिसमस पर रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगाया पुष्पा चर्च

**सिलवानी, 25 दिसंबर. प्रभु यीशु के जन्मोत्सव क्रिसमस को सिलवानी में 24 दिसंबर की मध्यरात्रि से 25 दिसंबर की शुरुआत के साथ ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया. सागर रोड स्थित पुष्पा चर्च रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा, वहीं ईसाई समाज के घरों पर खुशी के प्रतीक सितारे चमकते नजर आए और भक्ति गीतों की गूंज रही.**

पुष्पा चर्च परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया गया. यहां प्रभु यीशु के जन्म की मनमोहक झांकी लगाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. इससे पहले पुष्पा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. 24 दिसंबर की रात 12 बजते ही चर्च में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव का आयोजन शुरू हुआ.

प्रार्थना सभा के बाद शिशु यीशु के प्रतीक के साथ जश्न मनाया गया. भक्ति गीत गाए गए, केक काटकर एक-दूसरे को बधाइयां दी गई. यह आयोजन देर रात तक चलता रहा. पुष्पा चर्च एवं आरडीएसएस परिसर में लगाई गई झांकियों को देखने के लिए 25 दिसंबर की सुबह से ही बच्चों सहित नगर के नागरिकों का आना शुरू हो गया. ईसाई समाज में क्रिसमस पर्व को लेकर विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला.

## एक नजर में



### श्री रामकथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा

**बेगमगंज.** नगर में हर वर्ष की भांती इस वर्ष भी संगीतमय श्री रामकथा का आयोजन एसबीआई कालोनी में आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर दशहरा मैदान से कथा स्थल तक भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं और कन्याएं अपने सिर पर कलश रखकर चल रही थी. मुखिया यजमान अपने सिर पर श्रीमद् भागवत लेकर चल रहे थे जिसका विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर सम्मान किया गया. कलश यात्रा दशहरा मैदान से नगर के मुख्य मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल पहुची जहाँ पर प्रदेश के पूर्व कैविनेट मंत्री रामपाल सिंह एंव नपा अध्यक्ष संदीप लोधी द्वारा कथावाचक मानस मोहनी संध्या दीदी एंव कथा यजमान का शाल श्री फल एंव फूल मालाओं से स्वागत किया जाकर मानस मोहिनी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया.

**कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत**



### हिंदू सम्मेलन के लिए ध्वज स्थापना, भूमिपूजन

**सिलवानी.** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर ध्वज स्थापना एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह विशाल हिंदू सम्मेलन आगामी 11 जनवरी को आयोजित किया जाएगा. ध्वज स्थापना कार्यक्रम की शुरुआत बजरंग चौराहा स्थित शनि मंदिर परिसर से हुई. यहां से हिंदू समाज के लोगों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर जय जय श्रीराम के नारों के साथ चल समारोह निकाला. यह चल समारोह बजरंग चौराहा से होते हुए गांधी चौक पहुंचा और वहां से संदीपनी स्कूल मैदान में संपन्न हुआ. सांदीपनि स्कूल मैदान में वैदिक मंत्रोच्चार एवं वेद पाठ के साथ विधिवत रूप से ध्वज की स्थापना की गई तथा भूमि पूजन संपन्न हुआ. कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह राजेंद्र सिंह राजपूत ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए हिंदू एकता, संस्कृति संरक्षण एवं संगठन की मजबूती पर अपने विचार रखे. इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे.

## खरगोश का शिकार करते वक्त युवक को लगी थी गोली

### आदिवासी युवक मौत का मामला, 7 लोग हिरासत में

**बेगमगंज, 25 दिसंबर. आदिवासी गांव रमपुरा में बीती मंगलवार की शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच खेत पर गए एक आदिवासी युवक की गोली लगने से मौत होने की बात करते हुए मृतक के परिजनों द्वारा जानकारी दी गई थी. लेकिन मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने गहनता से पड़ताल की ओर सच्चाई सामने आ गई.**



घटना का खुलासा एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव एवं थानाप्रभारी राजीव उइके की दिन भर की छानबीन के बाद ये हुआ कि मृतक एवं उसका वीरेंद्र सिंह एवं अन्य 6 साथी जंगल में खरगोश का शिकार करने गए थे और मृतक वृंदावन सिंह द्वारा अपनी भरमार बंदूक से खरगोश पर गोली चलाते समय बंदूक की नाल फटने से स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गया था, लेकिन अधिक रक्तस्राव होने से जब उसकी मौत हो गई तो उसका भाई वीरेंद्र सिंह मोटरसाइकिल पर लेकर उसे डेढ़ बजे रात को सिविल अस्पताल बेगमगंज पहुंचे और मनगढ़ंत कहानी गढ़ कर पुलिस गुमराह करने की कोशिश की. एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया घटना स्थल पर एक भरमार बंदूक मिली है और उसकी नाल भी वहीं पर फ़टी पड़ी मिली है. मृतक ने भरमार बंदूक से खरगोश पर गोली चलाई थी और बंदूक की नाल फटने से उसकी गोली के छर्रे लगने से उसकी मौत हो गई. इस मामले में मृतक का भाई वीरेंद्र सिंह, सुनील आदिवासी, अमित आदिवासी, धनराज आदिवासी, चेनसिंह आदिवासी मोनू आदिवासी एवं सोनू आदिवासी को हिरासत में लिया है.

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बेगमगंज.** गत 8 दिसंबर को ग्राम वीरपुर से अपने रिश्तेदार के मौत पर दफन में शामिल होने जा रहे बाइक सवार दंपति की ट्रक से टक्कर होने के कारण मां – बेटे की मौत हो गई थी जबकि मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई थी. जिन्हें भोपाल में भर्ती कराया गया था .आज इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई . एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घटनास्थल पर वीरपुर निवासी अलीम मंसूरी एवं उनकी मां घूरन वी की मौत हो गई थी जबकि उनकी पत्नी अनवरी वी को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया था. गंभीर रूप से घायल अनवरी वी का तभी से अस्पताल में भर्ती थी ओर उनका इलाज चल रहा था . आज इलाज के दौरान अनवरी वी की भी भोपाल के निजी अस्पताल में मौत हो गई.

## प्रभु यीशु का जन्मदिन मनाया

**बेगमगंज, 25 दिसंबर. नगर बेगमगंज के सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल प्रांगण में स्थित चर्च में क्रिसमसडे ( प्रभु यीशु ) का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया. चर्च सहित सेंट थॉमस कॉन्वेंट स्कूल भवन को आकर्षक फूलों की साजसज्जा के साथ जगमगाती विद्युत रौशनी से सजाया गया था.**

अर्ध रात 12 बजे चर्च में प्रभु यीशु के जन्मदिन पर की स्तुति के साथ कैरोल गीत गाए गए. अर्धरात्रि में यीशु का जन्मदिन होते ही जोरदार आतिशबाजी की गई. चर्च के फादर जोवेस ने विशेष प्रार्थना मिडनाइट मास से की. इसके साथ ही ईसाई समुदाय के सभी सदस्यों ने विश्वशांति, सद्भाव व सभी में आपसी भाईचारे एवं देश की खुशहाली की भी प्रार्थना की.

25 दिसंबर को होने वाले ईसाई समुदाय के इस त्यौहार को लेकर ईसाई समुदाय में काफी उत्साह रहा,



इस त्यौहार को चार चांद लगाने के लिए बाजार में भी क्रिसमस ट्री व सांता क्लास से सजे थे. क्रिसमस ट्री की सजावट के लिए रंग बिरंगे फूलों की लड़िया और बिजली से चलने वाली झालर से सजाया गया था.

## भूसे से भरा ट्रक पलटा, कूदकर बचे ड्रायवर क्लीनर

**सलामतपुर.** थाना क्षेत्र के भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर घोड़ापछाड़ पुल के आगे गुरुवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भूसे से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. हादसा सुबह करीब 9 बजे के आसपास हुआ. गनीमत रही कि इस दुर्घटना में ट्रक चालक और क्लीनर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली. दोनों को केवल मामूली चोटें ही आईं हैं और कोई जनहानि भी नहीं हुई.सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को ईलाज के लिए अस्पताल भेजने में मदद की.बताया जा रहा है कि हाईवे पर प्रतिदिन ओवरलोड भूसे से भरे ट्रकों का आवागमन होता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है.

## बांग्लादेश के खिलाफ किया प्रदर्शन

### बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला फूंका



**सिलवानी. बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार और हिंसा के विरोध में सिलवानी के बजरंग चौराहे पर हिंदू संगठन और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया.**

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार और जिहादी आतंकवाद का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'बांग्लादेश मुर्दाबाद' और जिहादी आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए. वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हाल के दिनों में हिंदू समुदाय को निशाना बनाकर की जा रही हिंसक घटनाएं मानवता को शर्मसार करने वाली हैं.

> उन्होंने आरोप लगाया कि एक हिंदू युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर उसे नग्न अवस्था में फांसी पर लटकाया गया, वहीं एक रिक्शा चालक के साथ भी निर्दयता से मारपीट की गई. प्रदर्शनकारियों ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय और भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए दबाव बनाने की मांग की. उनका कहना था कि धार्मिक आधार पर हिंसा किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है और ऐसे कृत्यों पर तत्काल रोक लगनी चाहिए.



## ग्रामीण अंचल के स्टूडेंट्स का एसडीएम ने परखा आईक्यू

**बेगमगंज, 25 दिसंबर. कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के द्वारा शिक्षा, शिक्षार्थियों पर फोकस किए जाने का सार्थक परिणाम ये निकला कि अब जिले भर में प्रशासनिक अधिकारी भी इस अभियान से जुड़कर स्कूलों में शिक्षा का स्तर, सभी शिक्षकों की उपस्थिति एवं स्टूडेंट्स की पढ़ाई पर ध्यान देने के उद्देश्य से औचक निरीक्षण करने लगे हैं.**

ताकि बिगड़ी हुई व्यवस्था पटरी पर आ सके. गुरुवार को इसी उद्देश्य को लेकर एसडीएम सौरभ मिश्रा ने शा.हॉयर सेकंडरी स्कूल तुलसीपार का औचक निरीक्षण करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति, स्कूल में शिक्षा का स्तर और स्टूडेंट्स से सवाल जबाव के साथ उनका आईक्यू परखा. कक्षा 10 के स्टूडेंट्स की बुद्धिलब्धि ( आईक्यू ) जानने के साथ उन्हें विज्ञान विषय की पढ़ाई कराई तथा सभी छात्र छात्राओं को नियमित पढ़ाई के साथ नियमित रूप से स्कूल आने को प्रोत्साहित किया.साथ ही साइंस विषय के क्लास रुम में दीवार पर लगे किडनी के चार्ट के विषय में पूछने के बाद स्टूडेंट्स को विस्तार से समझाया . वही गणित की अवधारणाएं, बीज गणित त्रिभुज की परिभाषा और क्षेत्रफल के विषय में भी समझाया. जबकि कक्षा 12 में जीव विज्ञान के डीएनए, आनुवंशिक पदार्थ, तथा अनुलेखन,के विषय में बताया.

रक्त में हीमोग्लोबिन और प्लाज्मा, प्लेटलेट्स के विषय में छात्रों से सही उत्तर मिलने पर कक्षा शिक्षक अजय ठाकुर को बधाई दी.साथ ही सभी कक्षाओं में जाकर अध्यापन कार्य की प्रगति की समीक्षा की.

### 31 तक हर हाल में पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए

इस दौरान शिक्षक महेश सक्सेना,बलबीर साहू,मनोज पाठक, ऋषिराज गौर ,दिलीप पटेल को 31 दिसंबर तक हर हाल में पाठ्यक्रम पूरा कराने के निर्देश दिए. बच्चो को मोबाइल और टी वी से दूर रहकर न्यू ईयर पार्टी,बर्थडे पार्टी इत्यादि में भी समय नष्ट न करने की समझाइश दी. उन्होंने स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करते हुए कहा, कक्षा 10 में जो भी छात्र छात्राएं 90% से अधिक अंक बोर्ड परीक्षा में प्राप्त करेंगे उन्हें अपनी ओर से पुरस्कार देने की बात कही.

**आयोजन** — महाराणा प्रताप बस्ती में हिंदू सम्मेलन आयोजित

## संगठित हिंदू, सुरक्षित धर्म का आधार : महंत जी

**बेगमगंज, 25 दिसंबर.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में रामनगर, श्यामनगर टेकरी श्रीहनुमान मंदिर एवं अयोध्या नगर श्रीदुर्गा मंदिर से बच्चियों एवं महिलाओं ने कलश यात्राएं निकाली जो दशहरा मैदान कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां पर विधिविधान से हवन पूजन एवं आहूतियां अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता की आरती एवं बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक की प्रस्तुति दी गई एवं सेवा भारती के द्वारा महापुरुषों की झांकी



प्रदर्शित की गई. इसके पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों से कन्याओं, महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली जो कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान पहुंची.

मंचासीन अयोध्या से पधारे महान संत स्वामी महापति दास जी महाराज अयोध्या, अग्नि अखाड़ा के महंत भोले स्वरूप ब्रह्मचारी बुदनी एवं सेवा भारती के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी एवं शिक्षिका रत्ना शुक्ला रही. कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के सनातनधर्मालंबियों, विभिन्न मठ-मंदिरों के पुजारी, युवा शक्ति, नारी शक्ति, सज्जन बुद्धजीवी शक्ति एवं सरस्वती विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सैकड़ो की संख्या में शामिल होकर संगठित हिंदू, मजबूत धर्म ओर समाज का उद्घोष किया. राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ( आरएसएस ) के सौ वर्षो के कठिन श्रम और साधना ओर संतो की प्रेरणा, आशीष से आज करोड़ो हिंदुओं के विशाल संगठन को खड़ा करने के साथ हिंदू समाज में समरसता ओर धर्मसत्ता की अलख जगाई है. आज संघ की शक्ति के कारण ही विश्व में सभी लोग आज गर्व से भारतमाता की जय ओर वंदेमातरम का कर रहे हैं. सनातन पर्व निडरता ओर उल्लास के साथ मनाए जा रहे हैं.

उक्त उदगार अग्नि अखाड़ा के महंत श्रीश्री 108 श्री भोले स्वरूप ब्रह्मचारी बुदनी ने व्यक्त करते हुए कहा, सनातन धर्म ही विश्व को जोड़ने वाला एकमात्र धर्म है जो विश्व में शांति स्थापित करने में अग्रणी रह सकता है.

> जब हिंदू समाज संगठित, सबल ओर समरस रहेगा तभी हिंदू समाज, हमारे धर्म स्थल ओर पूजा पद्धति सुरक्षित रहेंगे. उन्होंने हिंदू समाज को चेताया, समाज में एकजुटता नहीं रहेगी तो विधर्मी शक्तियों से हमेशा खतरा बना रहेगा. संघ की शाखा सेवा भारती के संगठन मंत्री मुख्य वक्ता सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने हिंदू समाज के पंच परिवर्तन के लिए प्रण - सामाजिक समरसता, सामूहिक परिवार, अनुशासित जीवनशैली, स्वदेशी भावना के लिए सभी का कर्तव्यबोध, पर्यावरण संरक्षण ओर हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा से ही हिंदू समाज की विजय ओर विश्व का कल्याण बताया. कार्यक्रम का संचालन आचार्या स्वाति शर्मा एवं आभार प्रदर्शन सुरेश ठाकुर ने किया.